तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 21 जून 2026



12 आश्रम-छात्रावास अधीक्षकों की बैठक में....





13 पूर्ण साक्षरता और नामांकन को बढ़ावा देने कारली में ....






## खबर संक्षेप



### बोरीगांव में मना विश्व सिकलसेल दिवस

**जगदलपुर।** ग्राम बोरीगांव में लेप्रा सोसायटी द्वारा प्रोग्राम मैनेजर नेत्रनानंद साहू के मार्गदर्शन में विश्व सिकलसेल दिवस मनाया गया। इसमें 23 सिकल सेल मरीजों का खून जांच किया गया, साथ ही परिवार के 100 लोगों का काउंसलिंग कर उनका भी सिकल सेल का जांच किया गया। सिकल सेल मरीजों को प्रियंका सिंह सुपरवाइजर द्वारा गुड़, चना, खजूर, सोयाबीन प्रोटीन आहार दिया गया। बोरीगांव के समस्त हॉस्पिटल स्टाफ और साथ ही लेप्रा सोसायटी की स्टाफ नर्स रंजीता, सुपरवाइजर जसवंती शामिल रहे।

# सीमांकन के दौरान करपावण्ड में बवाल राजस्व टीम से मारपीट एवं 23 गिरफ्तार

## करपावण्ड थाना क्षेत्र के पुजारी पारा का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

करपावण्ड थाना क्षेत्र के पुजारी पारा में निजी जमीन के सीमांकन व सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए गई राजस्व टीम के साथ मारपीट के बाद हालत बेकाबू हो गए। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने राजस्व टीम के नापजोख का विरोध करते प्रदर्शन किया और आरआई व टीम के साथ धक्कामुक्की की जिसके बाद अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी। मामले में 23 ग्रामीणों की गिरफ्तारी की गई जिनमें 8 महिला समेत 9 लोगों को जमानत पर रिहा किया गया है वहीं 14 ग्रामीणों को जेल भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक करपावण्ड के 3-4 भूमिस्वामियों ने अपनी निजी जमीन के सीमांकन के लिए राजस्व विभाग में आवेदन लगाया था। इसी जमीन के नापजोख के लिए राजस्व निरीक्षक देवेन्द्र श्रीवास राजस्व व पुलिस अमले के साथ गए हुए थे। नापजोख के दौरान ग्रामीणों ने इसका विरोध कर दिया और मामला धक्कामुक्की से लेकर हाथापाई तक पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए आरआई व राजस्व टीम के साथ धक्कामुक्की करना शुरू कर दिया। विरोध कर रहे ग्रामीणों जिनमें काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल थी। मौके पर मौजूद ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ 8 महिला समेत 9 को मिली जमानत, 14 भेजे गए जेल, फोर्स तैनात



### पहले दिन 21 दूसरे दिन 2 की गिरफ्तारी

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि अलग अलग धाराओं में पहले दिन 21 ग्रामीणों की गिरफ्तारी की गई थी। इनमें धारा 151 के तहत दर्ज मामले में 8 महिला समेत 9 लोगों को जमानत पर रिहा किया गया है। वहीं 12 ग्रामीणों को जेल भेजा गया था। वहीं शनिवार को मामले में दो और ग्रामीणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अब तक मामले में 14 ग्रामीणों को जेल भेजा जा चुका है और मामले की जांच जारी है। करपावण्ड थाना प्रभारी शिवानंद सिंह ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और एहतियातन फोर्स की तैनाती की गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने किया नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

# परीक्षा के संचालन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर शनिवार को कलेक्टर आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने शहर के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दौरा कर वहां परीक्षा कक्षों, बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश और सुरक्षा के इंतजामों का अवलोकन किया। नीट परीक्षा रविवार को की जाएगी। कलेक्टर ने परीक्षा ड्यूटी ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ नीट परीक्षा की तैयारियों को लेकर किया मॉक ड्रिल



# मादक पदार्थ गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के पनारापारा में मादक पदार्थ गांजा बेचने ग्राहक का इंतजार कर रही महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला के कब्जे से 50 हजार रूपए का गांजा बरामद कर जेल भेजा गया। स्कूल के पीछे गली में गांजा बेचे जाने की सूचना पर कार्रवाई करने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी सुमीत के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में महिला पुलिस सहित टीम गठित कर कार्रवाई के लिए रवाना किया गया था। टीम मौके पर पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ 50 हजार रुपए का गांजा बरामद भेजा गया जेल




## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल इयूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल इंगग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**

1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881

महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?

1. आवेदक का नाम..................2. पिता/पति..................
3. जन्म तिथि अंकों में..................4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..................पोस्ट..................तहसील..................
..................जिला..................पिन कोड [ ]
मो. नं. 1..................मो. नं. 2..................वाट्सअप नं..................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..................
7. **शैक्षणिक योग्यता-**

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989





## खबर संक्षेप



### निरोगी जीवन के लिए योगा सदैव लाभकारी उपाय : जैन

**केशकाल।** केशकाल में योग प्रशिक्षक के तौर पर सुनील जैन 15 साल से केशकाल मे योग की शिक्षा देते हुए लोगों को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक कर रहे है...। सुनील जैन एक किराना व्यापारी हैं वे व्यापार के साथ योग की शिक्षा दे रहे हैं वे एक कुशल योग शिक्षक हैं, पिछले कई वर्षों से सभी को निशुल्क मे योग सिखाते है, जैन योग की शुरुआत पहले स्वयं से की थी उसके बाद उन्होंने धीरे-धीरे योग सीखना शुरू किया और उनका काफिला बढ़ता गया। कोरोना जैसे संकट के समय सरकारी कार्यक्रम में लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए योग सिखाया, जो बहुत कारगर साबित हुआ।। इस प्रकार उन्होंने हजारों लोगों को कोरोना से बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सुनील जैन इन दोनों टाटामारी मे योग की शिक्षा वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों को दे रहे हैं। योग दिवस पर आज सरकारी कार्यक्रम टाटामारी के इको पर्यटन केंद्र में प्रशिक्षण संचालित होगा, सुनील जैन ने कहा कि वर्तमान जीवन शैली में शरीर व मन को स्वस्थ बनाए रखने के लिये नियमित योग करना अत्यधिक आवश्यक है।

### 100 युवा जनजातीय नेताओं में बस्तर के हेमंत शामिल

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के बकावंड ब्लॉक के मोंगरापाल के आदिवासी युवा नेता हेमंत कश्यप का इंडियन ट्राइबल लीडरशिप कार्यक्रम के लिए चयन हुआ है। देशभर से प्राप्त



आवेदनों में से 100 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। इनमें छत्तीसगढ़ से 5 युवाओं को स्थान मिला है। जबकि बस्तर जिले से चयनित होने वाले हेमंत कश्यप एकमात्र प्रतिभागी हैं। 21 से 28 जून तक बेंगलुरु में आयोजित कार्यक्रम में जनजातीय युवाओं के नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सशक्तिकरण, सामुदायिक विकास और नीति निर्माण के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है।

# कृषक पिता ने परिश्रम से साधन जुटाए और पुत्र ने इंजीनियर बनकर सपना किया साकार

## आर्थिक तंगी को बेटे की राह का रोड़ा नहीं बनने दिया

महेन्द्र विश्वकर्मा ▶▶| जगदलपुर

फादर डे विशेष

पिता के पसीने और संघर्ष की बदौलत बेटा इंजीनियर बना। चिलचिलाती धूप में खेत में खून-पसीना बहा कर बेटे को शिक्षित किया। पिता ने पूरी जिंदगी खेती-किसानी में गुजार दी, लेकिन अपनी आर्थिक तंगी को बेटे की राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। कई बार फसल खराब होने पर उन्होंने कर्ज लिया, बैंक से लोन लिया और अपनी जमा पूंजी लगाकर बेटे की कॉलेज फीस भरी। पिता के आंसुओं और मेहनत को बेटे ने समझा और इंजीनियरिंग की पढ़ाई में दिन-रात एक कर दी। आज बेटा एक सफल इंजीनियर है और अपने पिता के उस संघर्ष भरे जीवन को एक बेहतर और खुशहाल मुकाम पर ले आया है। पिता वह नींव है, जो खुद जमीन पर रहकर बेटे को आसमान की ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। यह कहानी बस्तर संभाग अंतर्गत नारायणपुर जिले से 4 किमी दूर सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव डूमरतराई निवासी 97 वर्षीय रायसिंह पात्र की है। श्री पात्र ने कहा कि उनके 6 बच्चे हैं, जिसमें से छोटे पुत्र गोकुल प्रसाद पढ़ने में तेज रहा, जिससे उनका सपना था कि इस बेटे को इंजीनियर बनाने का सपना था, जिसे पुत्र ने उनका सपना को साकार किया।

### एक ही सपना था बेटा बने इंजीनियर

सर्वाधिक नक्सल प्रभावित गांव डूमर तराई निवासी 97 वर्षीय रायसिंह पात्र ने बताया कि उन्होनें अपने बेटे गोकुल पढ़ने में बहुत तेज रहा। उसका दाखिला जबलपुर के एक नामी इंजीनियरिंग कॉलेज में हो गया, लेकिन उस आधुनिक शिक्षा की फीस के लिए कर्ज लिया और बैंक से लोन लिया। जब गांव वालों ने कहा कि राय इतना बोझ मत उठाओ, बेटे को गांव के स्कूल से पढ़ाकर खेती में लगा लो, तो उन्होंने मुस्कुराकर कहा था, मेरा बेटा अफसर बनेगा, वह मेरी तरह इस धूप में नहीं जलेगा। आज उनका गोकुल प्रसाद पात्र वर्तमान में लोक निर्माण विभाग जगदलपुर में एसडीओ के पद पर पदस्थ है।



### पिता से कहा अब आराम करें

गोकुल ने पिता के छालों से भरे और मिट्टी से सने हाथों को देखा है। इसलिए पिता से कहा कि आज मैं जो कुछ भी हूं, इस चिलचिलाती धूप और आपकी इस मेहनत की बदौलत हूं। आपने अपना खून-पसीना बहाकर मुझे आधुनिक शिक्षा दिलाई। अब आप कभी इस धूप में काम नहीं करेंगे, अब आराम करने की बारी आपकी है।

## सहायक आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश, विद्यार्थियों की सुरक्षा, भोजन गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष जोर


# आश्रम-छात्रवास अधीक्षकों की बैठक में शैक्षणिक सत्र की तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

नए शैक्षणिक सत्र 2026–27 की तैयारियों को लेकर जिले में संचालित आश्रम एवं छात्रवासों के अधीक्षकों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त श्री —पेन्द्र तिवारी ने की, जिसमें जिले के सभी विकासखंडों के मंडल संयोजक और आश्रम–छात्रवास अधीक्षक उपस्थित रहे।

### राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर

बैठक में सहायक आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रवेश प्रक्रिया, विद्यार्थियों की देखरेख, दैनिक समय–सारणी तथा छात्रवास संचालन से जुड़े सभी कार्य राज्य शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुरूप संचालित किए जाएं। उन्होंने व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। समीक्षा के दौरान छात्रवास भवनों की मरम्मत, दीवारों पर आवश्यक सूचनाओं का प्रदर्शन, शौचालय एवं स्नानागारों की नियमित सफाई तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बरसात के मौसम को देखते हुए परिसरों में जलभराव रोकने और साफ–सफाई बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया।



### भोजन की गुणवत्ता और किचन की निगरानी होगी सख्त



बैठक में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने पर विशेष चर्चा हुई। अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि खाद्य सामग्री सुरक्षित स्थान पर रखी जाए, किचन की साफ–सफाई नियमित बनी रहे तथा भोजन परोसने से पहले उसकी गुणवत्ता की जांच अवश्य की जाए। साथ ही सभी आवश्यक पंजीयों का नियमित संधारण करने के निर्देश भी दिए गए।

### विद्यार्थियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष फोकस

सहायक आयुक्त ने विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, प्राथमिक उपचार पेटी फर्स्ट एड बॉक्स को अद्यतन रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने के निर्देश दिए। बरसात में मच्छरों एवं जहरीले जीव–जंतुओं से बचाव के लिए भी आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा गया।

### पालक–बालक सम्मेलन और नशा मुक्ति जागरूकता पर जोर

विद्यार्थियों के सवांर्गीण विकास के लिए नियमित रूप से पालक–बालक सम्मेलन और निगरानी समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही छात्र–छात्रओं को नशीले पदाथोंर् एवं मादक द्रव्यों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित और अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराने पर भी बल दिया गया।

### पांचों विकासखंडों के मंडल संयोजक रहे उपस्थित

बैठक में कोंडागांव के मंडल संयोजक रोशन सहारे, केशकाल के तोरण सिंह वर्मा, फरसगांव के रमेश कुमार नेताम, माकड़ी के ऋषि नागवंशी, बड़ेराजपुर के सौरभ चंद्राकर सहित जिले के विभिन्न आश्रम एवं छात्रवासों के अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में नए शैक्षणिक सत्र को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



विश्रामपुरी थाना क्षेत्र में नाबालिग से शादी का झांसा देकर कथित रूप से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार नाबालिग पीड़िता ने 18 जून को थाना विश्रामपुरी पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पहचान मार्च 2025 में मोबाइल फोन के माध्यम से गरांजीडीही निवासी पिन्टू उर्फ भूपेन्द्र शोरी से हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि 17 अप्रैल 2025 को विश्रामपुरी मेले के दौरान आरोपी उसे बहाने से अपने साथ ले गया और शादी का वादा कर उसकी इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में आरोपी उसे विभिन्न स्थानों पर बुलाकर लगातार शोषण करता रहा और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था।

### पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज

पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाना विश्रामपुरी में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई।

### आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक प्रक्रिया शुरू

जांच के दौरान पुलिस को आरोपी पिन्टू उर्फ भूपेन्द्र शोरी 21 वर्ष, निवासी ग्राम गरांजीडीही, थाना विश्रामपुरी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त हुए। इसके बाद 19 जून को उसे विधिवत गिरफ्तार कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई।

### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में हुई कार्रवाई

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पंकज चन्द्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शंकर लाल ध्रुव के नेतृत्व में संपन्न हुई। मामले की विवेचना और गिरफ्तारी में थाना विश्रामपुरी के पुलिस अधिकारियों एवं स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# ढाई घंटे बाद भी नहीं मिली एंबुलेंस सेवा अस्पताल में तड़पते युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव में सड़क हादसे के बाद घायल युवक की मौत ने जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का आरोप है कि गंभीर रूप से घायल युवक को समय पर 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई। करीब ढाई घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद भी जब वाहन अस्पताल पहुंचा, तब तक युवक दम तोड़ चुका था। अब परिजन मामले की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम ग्राम बड़ेडोंगर-बेलभाटा मार्ग पर पिकअप और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में घुड़उ राम माली और सगाराम सलाम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को 102 वाहन से तत्काल फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया।

परिजनों का आरोप है कि रात करीब 8 बजे 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन कोंडागांव से एंबुलेंस रात 10:30 बजे अस्पताल पहुंची। इस दौरान गंभीर रूप से घायल घुड़उ राम माली अस्पताल में ही जिंदगी और मौत से जूझता रहा और एंबुलेंस पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। उसी एंबुलेंस से दूसरे घायल सगाराम सलाम को जिला अस्पताल रेफर किया गया। शनिवार को फरसगांव पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



### 30 किलोमीटर की दूरी, फिर भी ढाई घंटे का इंतजार

परिजनों का कहना है कि कोंडागांव से फरसगांव की दूरी महज 30 किलोमीटर है, ऐसे में एंबुलेंस को पहुंचने में ढाई घंटे लगना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। उनका आरोप है कि यदि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध हो जाती तो घुड़उ राम माली की जान बच सकती थी।

### दस दिनों से फरसगांव में नहीं थी 108 एंबुलेंस

जानकारी के मुताबिक 9 जून को फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108 एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, जिसे मरम्मत के लिए भेजा गया है। तब से फरसगांव में स्थानीय 108 एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में दूसरे स्थान से वाहन बुलाना पड़ा, जिससे देरी हुई। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि फरसगांव में एंबुलेंस उपलब्ध होती तो घायल को समय पर रेफर कर उसकी जान बचाई जा सकती थी।

### पत्रकारों ने देखा, अस्पताल के बाहर चालू हालत में खड़ी थी 108

शनिवार को जब पत्रकारों की टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची तो अस्पताल परिसर के बाहर 108 एंबुलेंस चालू अवस्था में खड़ी मिली। काफी देर तक चालक और स्टाफ वाहन के अंदर बैठे रहे। जब उनसे पूरे मामले पर पक्ष जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। इससे 108 सेवा की जवाबदेही पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### जिले में 9 एंबुलेंस, फिर भी समय पर नहीं मिली मदद

कोंडागांव जिले में हाल ही में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर नई 108 एंबुलेंस सेवाओं की शुरुआत की गई थी। जिले में बेसिक लाइफ सपोर्ट (BLS) और एडवांस लाइफ सपोर्ट (ALS) सहित कुल 9 एंबुलेंस संचालित होने का दावा किया गया था, ताकि आपात स्थिति में लोगों को त्वरित चिकित्सा सहायता मिल सके। लेकिन फरसगांव की यह घटना इन दावों की हकीकत पर सवाल खड़े कर रही है। अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जिले में पर्याप्त एंबुलेंस उपलब्ध हैं, तो एक गंभीर घायल को समय पर जीवनरक्षक सेवा क्यों नहीं मिल सकी? यही सवाल अब पीड़ित परिवार के साथ-साथ आम जनता भी स्वास्थ्य विभाग और 108 सेवा संचालन से पूछ रही है।

# विधायक नीलकंठ के प्रयासों से मिले विकास के लिए 90 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

केशकाल विधानसभा क्षेत्र को विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण सौगात मिली है। विधायक नीलकंठ टेकाम के



सतत प्रयासों और पहल से क्षेत्र के तीन विकासखंडों में महतारी सदन निर्माण के लिए कुल 90 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा महतारी सदन योजना 2026-27 के अंतर्गत यह स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत कार्यों के अनुसार विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम गमहरी, विकासखंड केशकाल के ग्राम धनोरा तथा विकासखंड फरसगांव के ग्राम कोनगुड़ में 30-30 लाख रुपये की लागत से महतारी सदन का निर्माण कराया जाएगा। तीनों कार्यों के लिए कुल 90 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### सामाजिक- सांस्कृतिक गतिविधियों का नया केंद्र मिलेगा

आपको बता दें कि महतारी सदन महिलाओं के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक और सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेंगे। यहां महिला समूहों की बैठकें, प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान तथा विभिन्न सामाजिक आयोजनों का संचालन किया जा सकेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए बेहतर मंच मिलेगा। क्षेत्रवासियों ने इस स्वीकृति के लिए विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगातार विधानसभा क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। क्षेत्र में सड़क, भवन और सामुदायिक सुविधाओं के विकास के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर भी उनकी पहल लगातार सामने आ रही है। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कहा कि हमारी सरकार केशकाल विधानसभा के समग्र विकास और मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। महतारी सदन बनने से महिलाओं को अपनी गतिविधियों के संचालन के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिलेगा।

डाक विभाग के जीडीएस कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए

# टारगेट के नाम पर कर्मी अपनी जेब से 5-5 हजार देकर खुलवा रहे खाते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

टारगेट के नाम पर डाक विभाग के कर्मचारियों ने अपने जेब से 5-5 हजार देकर खाते खुलवा रहे, जो बंद हो जाते हैं। साथ ही जीडीएस कर्मचारियों का शोषण सहित 9 मांगों को लेकर भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी महासंघ का राष्ट्रव्यापी आंदोलन 20 जुलाई से 27 जुलाई को कार्यालय में ब्लैक बैच बांधकर कार्य करेंगे। इसके अलावा 28 जुलाई को लंच के समय मंडलीय कार्यालयों पर प्रदर्शन, 5 अगस्त को एक दिवसीय हड़ताल एवं 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जाएगा। उक्त बातें भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ के परीमंडल सचिव एवं संभागीय सचिव हेमंत कुमार पांडे ने शनिवार को पत्रकार भवन में पत्रवार्ता में कही।

उन्होंने बताया कि टारगेट के नाम पर विभागीय एवं जीडीएस कर्मचारियों का शोषण बंद किया जाए। कर्मचारी डाकघर और रेल डाक सेवा कार्यालय में अपनी ड्यूटी पूर्ण करने के लिए भर्ती होते है न कि गली-गली घूमकर टारगेट पूरा करने के लिए। वर्तमान में जीडीएस एवं विभागीय कर्मचारी अपने वेतन के पैसे से खाता खुलवाकर टारगेट पूरा कर रहे है। प्रधानमंत्री की उद्घोषणा के बाद भी रेल डाक सेवा से जाने वाली मेल, रेल के माध्यम से न भेज कर आरटीएन से ही भेजा जाना, एक शहर से दूसरे शहर जाने वाली आरटीएन सेवा को




बंद किया जाए एवं रेल डाक सेवा अनुभागों को पुनः शुरू किया जाए। डाक विभाग भारत सरकार का पैसा निजी लोगों को देने के बजाय एक विभाग से दूसरे सरकारी विभाग (रेल) को ही दिया जाए। डाक विभाग में बढ़ रहे भ्रष्टाचार एवं अनयिमितताओं को रोकने के लिए तत्काल प्रभाव से कठोर एवं प्रभावी कार्यवाही की जाय एवं भ्रष्टाचार मामलों की विस्तृत जानकारी के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों से वातार्लाप किया जाए। भूतपूर्व सैनिक से विभाग में भर्ती हुए कर्मियों की वेतन विसंगति ठीक की जाए। वे मृतक आश्रित जिन्हें 5 प्रतिशत सीलिंग के नाते विभागीय पदों पर नियुक्ति नहीं मिलती ऐसे सभी मृतक आश्रितों को जीडीएस के रिक्त पदों पर समायोजित किया जाए। पत्रवार्ता में संघ के संभागीय उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, प्रांत संगठन मंत्री डिकेश पांडे, कार्यकारिणीय सदस्य रामकृष्ण मिश्रा, प्रदेश मंत्री लिंगधर सिन्हा, सदस्य विपिन सिंह, भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री विकास सिंह एवं जिला मंत्री तोरण कुमार हिरवानी शामिल रहे।

## पेज 11 के शेष

### सीमांकन के दौरान ....

राजस्व टीम का कहना है कि पूरी कार्रवाई न्यायालय के आदेश और सरकारी रिकॉर्ड के आधार पर की जा रही थी। उनका आरोप है कि कुछ लोगों ने ग्रामीणों को भड़काया जिसके बाद माहौल बिगड़ गया और मारपीट हुई। वहीं ग्रामीणों और सरपंच का कहना है कि जिस सरकारी नक्शे के आधार पर नापजोख की जा रही थी वह सही नहीं है। उनका दावा है कि संबंधित जमीन की वास्तविक स्थिति नक्शे से अलग है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले रिकॉर्ड और नक्शे की गलती सुधारी जानी चाहिए थी उसके बाद ही कब्जा दिलाने की कार्रवाई होनी चाहिए थी। पुलिस व प्रशासन द्वारा किसी तरह हालात को संभालते हुए ग्रामीणों को समझाईश दी गई तब जाकर स्थिति सामान्य हो सकी।

### परीक्षा के संचालन ....

पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश देते स्पष्ट किया कि परीक्षा के सफल संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्र के भीतर और बाहर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की गाइडलाइंस का अक्षरशः पालन कराया जाए और यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा देने आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को कोई असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, बैठक व्यवस्था, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था पर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए सुरक्षा बलों को सतर्क रहने कहा। कलेक्टर ने परीक्षा सेंटर के अधिकारियों को कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि परीक्षार्थी बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। साथ ही उन्होंने परीक्षार्थियों से भी अपील कि वे निश्चिंत होकर परीक्षा दें, शासन प्रशासन ने परीक्षा को सफल बनाने के सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियाँ पूरी की हैं ।

मॉक ड्रिल में चेस्ट रूम से पेपर केंद्र लाया गया : शनिवार दोपहर को परीक्षा केंद्रों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान परीक्षा संचालन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का परीक्षण किया गया और तैयारियों की समीक्षा की गई। मॉक ड्रिल के दौरान पेपर को चेस्ट रूम से परीक्षा केंद्र ले जाने, परीक्षा केंद्रों में प्रवेश प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए सुविधाएं, बैठने की व्यवस्था, परीक्षा सामग्री के सुरक्षित प्रबंधन सहित अन्य व्यवस्थाओं को परखा गया।

गाइडलाइन का पालन करें केंद्र प्रभारी : अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों को परीक्षा के दौरान निर्धारित गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मॉक ड्रिल का उद्देश्य परीक्षा दिवस पर संभावित समस्याओं की पहचान कर उनका समय रहते समाधान करना है, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी एवं परीक्षा केंद्रों के प्रभारी उपस्थित रहे।

### मादक पदार्थ गांजा ....

एक महिला को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सुकल दई 50 साल निवासी पनारापारा का होना बताया। उसके कब्जे से 1 किलो 37 ग्राम ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 50 हजार रूपए आंका गया है। मामले में महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपिया को विशेष न्यायालय एनडीपीएस में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रशिक्षु एसआई रानी सोनी, एएसआई सतीश सतीश यादव, मीना यादव, प्रधान आरक्षक विनोद चांदने, आरक्षक रीना अनंत, पुनीता ठाकुर रंगलाल खरे, संगीता नायक, प्रदीप शुक्ला, सोमालु व तोमन बघेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अब तक चार महिला भेजी गई जेल : कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कोतवाली पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। थाना क्षेत्र के अलग अलग स्थानों में कार्रवाई करते हुए बीते कुछ दिनों में गांजा की पुड़िया बनाकर बेचने वाली चार महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होनें कहा कि हमारा प्रयास है कि इलाके में किसी भी तरह के नशे का कारोबार ना हो इसके लिए लगातार प्रयास करते हुए कार्रवाई की जा रही है जो आगे भी जारी रहेगी।

## विधायक नीलकंठ टेकाम ने 3.05 करोड़ से बने पुल का किया लोकार्पण

# फरसगांव-रांधना मार्ग का नवनिर्मित पुल लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

लोक निर्माण विभाग (सेतु) द्वारा कोंडागांव जिले के फरसगांव-रांधना मार्ग पर किलोमीटर 3/4 स्थित चिचाड़ी नाला पर निर्मित उच्च स्तरीय पुल का लोकार्पण शनिवार को संपन्न हुआ। लगभग 3 करोड़ 5 लाख 27 हजार रुपये की लागत से निर्मित इस पुल का लोकार्पण केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने मुख्य अतिथि के रूप में किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत फरसगांव के अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने की। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस पुल के निर्माण से फरसगांव-रांधना मार्ग पर



आवागमन सुगम होगा। विशेषकर बारिश के दिनों में चिचाड़ी नाला में जलभराव के कारण आने वाली समस्याओं से लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन, शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापारिक गतिविधियों में भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार विकास कार्य करा रही है और यह पुल भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस दौरान जनपद सदस्य लीलावती नेताम, नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, वरिष्ठ भाजपाई प्रवीर सिंह बदेशा, नगर पंचायत सीएमओ मयंक बसंतवानी, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, पार्षद संगीता राव, राजकुमारी नेताम, सुश्री छबीला नेताम, विनोद पांडे नरेंद्र गौर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, पूर्व उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल , दीपेंद्र मसीह, रामकुमार कोर्राम सहित अन्य लोग उपस्तिथ रहे ।

## खबर संक्षेप

### पीएमश्री सेजेस में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**भोंड।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बस्तर में शाला प्रवेश उत्सव पालकों, एसएमडीसी के अध्यक्ष एवं सदस्यों तथा जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसकी शुरुवात मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों का स्वागत, पुष्प देकर किया गया। अतिथि गणों द्वारा नव प्रवेशित बच्चों को पाठ्य पुस्तक, पेन एवं चॉकलेट वितरित किया गया। एसएमडीसी अध्यक्ष डॉ. वी एस राजपूत ने अपने उद्बोधन में राज्य स्तर पर टॉप टेन में आने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया, साथ ही बालक - पालक सम्मेलन में पालकों की उपस्थिति को लेकर विशेष जोर दिया एवं विद्यालय के विकास के लिए हमेशा सहयोग प्रदान करने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे ने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। वरिष्ठ सेवानिवृत शिक्षक हयात खान द्वारा संस्था में पदस्थ शिक्षकों की सराहना की गई एवं शिक्षा एवं शिक्षकों के सम्मान की बात की गई। प्रभारी प्राचार्य कुलेश्वर यादव द्वारा शाला के संचालन के विषय में अपनी बात रखी। उक्त कार्यक्रम में बच्चे, पालक एवं संस्था के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

### उपजेल का विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण



**बीजापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग नया रायपुर तथा कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशानुसार जिला बीजापुर में उपजेल निरीक्षण हेतु गठित विशेषज्ञ समिति ने बुधवार को उपजेल बीजापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य बंदियों की स्थिति, सुविधाओं एवं उनके अधिकारों से संबंधित व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करना था। निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ समिति के सदस्यों ने उपजेल के प्रत्येक बैरक में जाकर बंदियों से सीधे संवाद किया तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। समिति ने जेल परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के समय उपजेल बीजापुर में 197 निरुद्ध बंदी पाए गए।

# पूर्ण साक्षरता और नामांकन को बढ़ावा देने कारली में निकली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ने तथा ग्राम पंचायतों को पूर्ण साक्षर बनाने के उद्देश्य से संकुल केंद्र

■ शाला त्यागी बच्चों को शाला भेजने किया जागरूक

कारली एवं बड़े कारली के शिक्षकों ने एक विशाल जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। रैली का शुभारंभ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारली के प्रांगण से हुआ। रैली बड़े कारली के विभिन्न पारा एवं वार्डों से होकर कारली-2, कारली-1, पुलिस लाइन तथा ठोठापारा सहित ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय परिसर में सम्पन्न हुई।

रैली के दौरान शिक्षकों ने ग्रामीणों, अभिभावकों एवं बच्चों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर प्रत्येक बालक-बालिका के विद्यालय में नियमित प्रवेश एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का संदेश दिया। साथ ही ग्राम पंचायतों को पूर्ण साक्षर बनाने, शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने तथा शाला त्यागी बच्चों को पुनः मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान अध्यापक बीके



देवांगन ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजना प्रत्येक परिवार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए घरेलू कार्यों में उनकी अनावश्यक व्यस्तता कम करने का आग्रह किया, जिससे वे अपनी पढ़ाई पर पूर्ण ध्यान केंद्रित कर सकें और बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।

ग्रामीण क्षेत्रों से गुजरती रैली को लोगों का उत्साहजनक समर्थन मिला। अनेक स्थानों पर ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। रैली ने गांव-गांव में शिक्षा, साक्षरता और बाल अधिकारों के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित किया। यह कार्यक्रम संकुल प्राचार्य केआर ठाकुर, प्रधान अध्यापक बीके देवांगन, संकुल समन्वयक प्रदीप कुमार गर्ग एवं इनोर कवासी के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। रैली में संकुल अंतर्गत समस्त विद्यालयों के प्रधान अध्यापक, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। शिक्षकों ने संकल्प लिया कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा तथा हर बच्चा विद्यालय में, पूर्ण साक्षर के लक्ष्य को जनसहभागिता से सफल बनाया जाएगा।

### नशा मुक्ति जागरूकता के लिए नियमित अभियान के निर्देश

# बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत संचालित पोटाकेबिन, आश्रम एवं छात्रावासों के अधीक्षकों की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन शैक्षणिक सत्र की तैयारियों, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा, स्वच्छता, भोजन व्यवस्था तथा मानसिक स्वास्थ्य सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

■ मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं परामर्श गतिविधियों पर विशेष जोर

कलेक्टर ने कहा कि आवासीय संस्थाओं में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी बच्चे को संस्था में प्रवेश देने से पूर्व उसका अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए तथा स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारियां नियमित रूप से अभिलेखों में संधारित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक पोटाकेबिन, आश्रम एवं छात्रावास में प्रतिमाह सभी विद्यार्थियों का



स्वास्थ्य परीक्षण किया जाना अनिवार्य होगा तथा कोई भी बच्चा स्वास्थ्य जांच से वंचित नहीं रहना चाहिए।

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर सभी पोटाकेबिन एवं आश्रम-छात्रावासों में नियमित स्वास्थ्य शिविर एवं मलेरिया जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु को देखते हुए मलेरिया, डेंगू एवं अन्य मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। विद्यार्थियों को उबला हुआ एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए तथा उनकी संख्या के अनुरूप 24 घंटे के लिए पर्याप्त मात्रा में उबला पानी उपलब्ध रखा जाए। बैठक में संस्थाओं की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देशित किया कि प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन निर्धारित समय पर सभी छात्रावासों एवं पोटाकेबिनों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाए। परिसर, आवासीय कक्ष, शौचालय, स्नानागार, रसोईघर तथा भोजन कक्ष की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। मानसून के दौरान मच्छरों की रोकथाम हेतु खिड़कियों में जाली, मच्छरदानी की व्यवस्था, नालियों में डी.डी.टी. का छिड़काव तथा पेयजल स्रोतों का क्लोरीनेशन करने के निर्देश भी दिए गए।

भोजन व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराना अधीक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधीक्षकों को समय-समय पर बच्चों के साथ बैठकर भोजन करने तथा भोजन की गुणवत्ता की स्वयं निगरानी करने के निर्देश दिए, ताकि बच्चों को दिए जा रहे भोजन की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके। रसोईघर की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा भोजन तैयार करने की प्रक्रिया में स्वच्छता के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों का मानसिक रूप से स्वस्थ एवं आत्मविश्वासी होना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उनका शारीरिक स्वास्थ्य। उन्होंने संस्थाओं में नियमित रूप से परामर्श सत्र, प्रेरणात्मक गतिविधियां, खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग एवं ध्यान जैसी गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने तथा तनाव, भय अथवा अन्य मानसिक परेशानियों से जूझ रहे बच्चों को आवश्यक परामर्श एवं सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

# पात्र हितग्राही झिझक के बिना योजनाओं का उठाएं लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ब्लॉक मुख्यालय बस्तर के सद्भावना भवन में आयोजित तीन दिवसीय पंजीयन शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल, जिला पंचायत सदस्य शकुंतला कश्यप, कांतिबाई मौर्य, निर्देश दीवान, जनपद उपाध्यक्ष जयबती कश्यप, जनपद सदस्य गजेंद्री बघेल, मनीराम कश्यप,उदबो राम नाग, रामानन्द मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से सीधा संवाद किया।

जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, पेंशन योजना और केसीसी जैसी योजनाओं के लाभ, पात्रता और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। जनप्रतिनिधियों ने अपील की कि पात्र लोग झिझक के बिना इन योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों के प्रति



जागरूक बनें। शिविर में ग्रामीणों का उत्साह देखते ही बना। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग पहुंचकर विभिन्न विभागों में आवेदन, समस्या और मांगों को लेकर पहुंचे। कृषि विभाग द्वारा किसानों को खाद, बीज और केसीसी के दस्तावेज-पत्र वितरित किए गए। शिविर का सबसे बड़ा आकर्षण छोटे बच्चों का आधार कार्ड बनवाने के लिए पहुंची महिलाओं की भीड़ रही। गांव-गांव से महिलाएं अपने दुधमुंहे बच्चों को लेकर पहुंची थीं। विभिन्न विभागों ने स्टॉल लगाकर मौके पर ही आवेदन लिए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की।

आयोजकों ने बताया कि शिविर का उद्देश्य पात्र लोगों को शासकीय योजनाओं से जोड़कर उन्हें सीधा लाभ पहुंचाना और प्रशासन-जनता के बीच की दूरी कम करना था। इस दौरान वरिष्ठ विस्तार अधिकारी चंद्रशेखर जैन, पंचायत निरीक्षक दिनेश साहू,केशव प्रधान, विशाल दीवान,त्रिलोचन बघेल, प्रकाश पानीग्राही सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस परिवारों के लिए नवनिर्मित आवास का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विकासखंड कटेकल्याण थाना परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के परिवारजनों के लिए लगभग 99.84 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन शासकीय आवास का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर ओएसडी कमलोचन कश्यप, कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव तथा पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने रिबन काटकर आवास परिसर का शुभारंभ किया। ज्ञात हो कि पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निर्मित इस आवासीय परिसर में 12 आवासीय इकाइयों (ब्लॉक) का निर्माण किया गया है। इससे कटेकल्याण जैसे दूरस्थ क्षेत्र में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक आवास उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उनके कार्य निष्पादन में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि पुलिस बल की कार्यक्षमता और मनोबल बढ़ाने के लिए गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं अत्यंत आवश्यक हैं। नवीन आवास परिसर पुलिस परिवारों के लिए बेहतर जीवन-यापन की सुविधा सुनिश्चित करेगा तथा दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत जवानों को अतिरिक्त संबल प्रदान करेगा। कार्यक्रम में डीएसपी जितेन्द्र कुम्भकार, टीआई निर्मल वर्मा, टीआई धनंजय सिन्हा, आरआई सुशील नौटियाल सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।







प्रारूप-(तीन)

**शपथ पत्र**

मैं अजय कुमार नाग (AJAY KUMAR NAG), पुत्री योशिदा नाग (YOSHIDA NAG), निवासी तरलापारा मैलावाडा, तहसील कुआकोण्डा, जिला दन्तेवाड़ा, छ.ग. एतद्वारा पुष्टि करता हूँ और निम्नानुसार घोषित करता हूँ कि :-

1. मैं छत्तीसगढ़ का स्थायी निवासी हूँ।
2. मैं अपनी नाबालिग पुत्री योशिदा नाग (YOSHIDA NAG) से बदलकर योशिका नाग (YOSHIKA NAG) करवाना चाहता हूँ।
3. मैं अपनी पुत्री का नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
4. मेरी पत्नी श्रीमती ज्योति नाग को हमारे नाबालिग पुत्री के नाम बदलने में हमें कोई आपत्ति नहीं है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशों हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

आवेदक
अजय कुमार नाग







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### शराब दुकानों में लगे दर सूची अधिक दाम वसूल रहे दुकानदार



**जगदलपुर।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी बयान में बताया कि आबकारी मंत्री कहते हैं कि दारू बेचकर प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा दे रहे हैं। जबकि उन्हें अन्य प्रदेश के दारू बिकने से रोकने पर कार्रवाई करना चाहिए और नाबालिग बच्चों को शराब दुकान से शराब सप्लाई न किया जाए इस पर कार्रवाई करना चाहिए। जनता से अधिक रकम वसूली कर रहे हैं उसे पर रोक लगाना चाहिए हर दुकान में दर सूची आवश्यक रूप से लगना चाहिए। वन मंत्री राहुल गांधी का स्वागत दारू से करने की बात कह कर ज्वलंत मुद्दों से जनता का ध्यान भटकना चाहते हैं । उन्होंने कहा वन मंत्री केदार कश्यप बस्तर की भलाई चाहते हैं तो तेंदूपत्ता में लगे आग की सीबीआई जांच करवाकर क्षेत्र की जनता को सच्चाई से अवगत कराना चाहिए।

### पिता के त्याग और संघर्ष को रोमांचक ढंग से किया प्रस्तुत

जगदलपुर। शनिवार को धरमपुरा 1 में स्थित संस्कार द एक्सीलेंस स्कूल में पितृ दिवस एवं योग दिवस शाला प्रांगण में मनाया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों ने मंच पर आकर पिता के महत्व, त्याग, संघर्ष और परिवार में उनके योगदान को रोमांचक ढंग से प्रस्तुत किया एवं योग प्रदर्शन करके योग से निरोग रहकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि चेयरमेन नवीन भावसार ने बच्चों को संबोधित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में चेयरमेन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर सुमन भावसार, शाला एडमिन एलेक्स मैथ्यू एवं शाला की उप प्राचार्या मंजु व्ही. एस. उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

### गंगामुंडा तालाब में केदार और किरण ने लगाए पौधे



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत नगर निगम क्षेत्र के गंगामुंडा तालाब में स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप एवं विधायक किरण देव ने गंगामुंडा तालाब पहुंचकर सफाई अभियान में सहभागिता निभाई और स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की। इस अवसर पर गंगामुंडा तालाब परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में महापौर संजय पांडे, नगर निगम सभापति खेमसिंह देवांगन, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# आबादी के आधार पर राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में आरक्षण मिले

## छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में यह मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



छग सर्व पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर के जिलाध्यक्ष गदाधर वैद्य एवं मानिक राम पंत सचिव ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चन्द्राकर समाज भवन रायपुर में बैठक किया गया। प्रांताध्यक्ष जगन्नाथ साहू की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ी महतारी की पूजा कर बैठक प्रारंभ किया गया। बैठक में पदाधिकारियों एवं प्रत्येक समाज के अध्यक्षों एवं पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति रही।

सभी समाज के प्रदेश अध्यक्षों को प्रांतीय संरक्षक, सभी संभागाध्यक्षों, युवा प्रकोष्ठों का मनोनयन सर्व सम्मति से किया गया। अपने उद्बोधन में आबादी के आधार पर राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में आरक्षण की मांग की गई। जिससे पिछड़ा वर्ग समाज का उत्थान हो सके। जातिगत जनगणना में कालम अलग से हो। सम्पूर्ण छग में संगठन का विस्तार ग्राम, ब्लाक, जिला, संभाग एवं प्रदेश स्तर पर अपने -अपने क्षेत्रों में करने पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया।

प्रदेश संरक्षक दिनेश चन्द्राकर चन्द्राकर समाज, टहलराम साहू साहू समाज, राजेन्द्र नायक पटेल समाज, शांतनु साहू साहू समाज, ललित साहू प्रदेश अध्यक्ष मानिकपुर समाज, प्रदीप देवांगन प्रदेश अध्यक्ष कोष्टा समाज, धनीराम विश्वकर्मा विश्वकर्मा समाज, सालिकराम यादव प्र.अध्यक्ष यादव समाज, आंनद निषाद निषाद समाज, चन्द्र भूषण वर्मा कुर्मी समाज, बसंत कु सिन्हा सिन्हा समाज, प्र.महा. नरेश रजवाड़े,प्र.उपा.पवन धीवर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर निषाद प्र.महामंत्री निषाद समाज, प्रदेश उपाध्यक्ष पवन साहू राष्ट्रीय महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष जागेश्वर सिंह ठाकुर प्रदेश उपाध्यक्ष -रवि देवांगन प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष -धरमदास साहू,संभागाध्क्ष सरगुजा नवीन जायसवाल, रायपुर प्रवीण साहू, बिलासपुर श्याम कार्तिक जायसवाल, दुर्ग महेंद्र साहू, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कोमल निषाद, राम करण सिन्हा प्रदेश महामंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष, लक्की यादव , मोहन सिंह ठाकुर, ललित साहम, तुलसी राम नाग का मनोनयन हुआ।

## विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में पहुंचे मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष

# बस्तर सहित संपूर्ण भारत से नक्सलवाद समाप्त करने का संकल्प हुआ पूरा : केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल बेमिसाल के अन्तर्गत शनिवार को विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं मुख्य वक्ता के रूप में वन मंत्री केदार कश्यप सम्मिलित हुये। सम्मेलन में सभी समाज व संस्थाओं के प्रमुख, पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर मोदी सरकार के बेमिसाल 12 वर्षों में जनकल्याण, सुशासन, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों एवं उपलब्धियों पर उपस्थित जनों से सीधे संवाद किया गया।

केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के, विश्वास के और जनकल्याणकारी यात्रा के उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल 12 साल पूरे हुये है। उनके नेतृत्व में समृद्ध और सशक्त नये भारत का निर्माण हो रहा है। इन 12 वर्षों में देश के विकास के लिये अद्भुत कार्य हुये है। उन्होंने कहा कि हमारे बस्तर सहित संपूर्ण भारत से नक्सलवाद को समाप्त करने का संकल्प भी सिद्ध हुआ है। बस्तर वासियों को नक्सली आतंक से मुक्ति दिलाने का बड़ा काम मोदी सरकार ने किया है। हम सभी को प्रधानमंत्री के 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सहयोगी बनना है और भारत के जिम्मेदार नागरिक की सार्थक भूमिका निभानी है। किरण सिंह देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम व ऐतिहासिक काल है। सबका साथ,सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास मूलमंत्र के साथ प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ भारतवासियों की सतत सेवा कर रहे हैं। राष्ट्र को सशक्त व सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण व बड़े काम मजबूती से हो रहे हैं। हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास व उत्थान के लिये संपूर्ण योजना बनाकर उसे पूरा करने का काम मोदी सरकार कर रही है।

### ये रहे उपस्थित

सम्मेलन में जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने स्वागत उद्बोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री रजनीश पाणिग्रही व आभार परीस राम बेसरा ने किया। सम्मेलन में इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष शरद अवस्थी, डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, शिवनारायण पाण्डेय, सुधीर पाण्डेय, जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, बलदेव मण्डावी, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष श्याम सोमानी, गुजराती समाज अध्यक्ष अनिल पटेल, सिक्ख समाज अध्यक्ष सौरभ सिंह गढ़विाल, अनिता राज, अश्विनी सरडे, आर्येंद्र आर्य सहित नागरिक, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# छात्रों की सुरक्षा के लिए दो दिन में 57 स्कूल बसों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों यथा कॉलेज, आईटीआई एवं स्कूलों के बसों की जांच दो दिवसीय शिविर किया गया। दो दिन में जिले के स्कूल बसों की जांच में 57 बसों में सुरक्षा उपकरण और फिटनेस सही पाए गए, लेकिन 53 स्कूल बसें जांच के लिए नहीं पहुंची। जांच के दौरान परिवहन विभाग के आरटीओ, उड़नदस्ता प्रभारी और यातायात पुलिस की टीमों द्वारा सुरक्षा मानकों की बारीकी से जांच की। इसमें फिटनेस प्रमाणपत्र, परमिट, और बीमा की वैधता, फर्स्ट-एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) और आपातकालीन निकास द्वारों (इमरजेंसी एक्जिट) की कार्यप्रणाली, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति और चालक के पास वैध लाइसेंस की उपलब्धता पर निरीक्षण में किया, ताकि विद्यार्थियों के परिवहन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो सके। संयुक्त टीम ने दो दिन जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों और परमिट संबंधी शर्तों की जांच की।

■ आरटीओ ने 53 स्कूल बस नहीं पहुंचने पर संचालकों को दिया नोटिस

### 53 स्कूल बसों का पंजीयन होगा निरस्त

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि स्कूल बसों में सुरक्षा मानकों का पालन बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिविर में 57 स्कूल बसों की जांच की और 53 स्कूल बस संचालकों को नोटिस दिया गया है। उसके बाद नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा।

# झुके विद्युत पोल से हो सकता है हादसा, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



ग्राम पंचायत आड़ावाल के नयापारा सड़क में 9 दिन पूर्व तेज हवा एवं बारिश से पेड़ की डगालें टूटने से बिजली का पोल झुक गया। इससे लोगों में भय का माहौल है, जिससे हमेशा बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कोई ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों ने बताया कि झूलते तारों के कारण बच्चों और राहगीरों को हमेशा डर बना रहता है। खासकर बारिश और तेज हवा के दौरान खतरा और बढ़ जाता है। विद्युत लाइन का पोल इस तरह झुका होना सीधे-सीधे लोगों की जान से खिलवाड़ है। मोहल्ले के लोगों ने विद्युत कंपनी से जल्द पोल को दुरुस्त कराने की मांग की है। साथ ही झुके हुए बिजली के पोल (खंभे) किसी भी समय गिरकर जान-माल के बड़े नुकसान का कारण बन सकते हैं। ढीले तार टूटने, करंट फैलने और बारिश में शॉर्ट सर्किट होने से गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। पोल के झुकने से उस पर कसे हुए तार खिंच जाते हैं, जिससे उनके टूटने या आपस में टकराने का खतरा रहता है। तारों के आपस में रगड़ने से स्पार्किंग होती है, जिससे सूखे पेड़ में आग लग सकती है।

■ पेड़ की डगालों के टूटने से पोल झुकने से दुर्घटना की संभावना बढ़ी

### विद्युत कर्मी की टीम जाएगी

विद्युत कंपनी जगदलपुर (ग्रामीण) संभाग के कार्यपालन अभियंता पीके अग्रवाणी ने इस संबंध में बताया कि उपभोक्ताओं ने सूचना नहीं दी है। मीडिया से मिली जानकारी पर विद्युत कर्मचारियों की टीम जाकर स्थिति देखेंगे और समस्या का निराकरण करने का प्रयास करेंगे।

# बिजली का झटका दे रही भाजपा : जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने जारी बयान में कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार लोगों को बिजली का झटका दे रही है। लंबे चौड़े बिल देख लोगों के होश गुम हो रहे। जहां पिछले माह तक हजार दो हजार के बिल आ रहे थे इस माह चार-पांच हजार रुपये के बिल थमाए जा रहे हैं। सरकार को आमजनता की दयनीय होती जा रही हालत से कोई लेना देना नहीं है। जनता के दुख दर्द से वास्ता नहीं है। सरकार को श्वेत पत्र जारी कर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। राज्य में ऐसी स्थिति तब है जब छत्तीसगढ़ स्टेट की गणना सरप्लस स्टेट के रूप में की जाती है। यहां न केवल कोयला के खदान हैं बल्कि कोयला आधारित बिजलीघरों की स्थापना भी की गई है। इन परिस्थितियों में इस माह बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि से आमलोगों की कमर टूट गई है। मुख्यमंत्री स्वयं को गरीब परिवार का कहते हैं लेकिन गरीब परिवारों की सुध नहीं ले रहे हैं। मध्यम वर्ग के लोग जैसे तैसे बिजली बिल भर रहे हैं लेकिन दो जून की रोटी के लिए काम करने वाले परिवारों की हालत दयनीय है।

■ पूर्व विधायक ने सरकार पर लगाए आरोप

पूर्व विधायक ने कहा है कि राज्य में जब से भाजपा सत्ता में आई है तब से बिजली कटौती बढ़ गई है। प्लान मेंटेनेंस के नाम पर हो रही बिजली कटौती से न केवल आम उपभोक्ता परेशान हो रहा है बल्कि घरेलू उद्योग धंधे भी चौपट हो रहे हैं।

### स्मार्ट मीटर ने बढ़ाई परेशानी

रेखचंद जैन ने कहा कि सरकार मोर बिजली एप के माध्यम से स्मार्ट मीटर का प्रचार कर रही है। उत्तरप्रदेश में सरकार ने जनआक्रोश के चलते स्मार्ट मीटर को किनारे लगा दिया है । वहीं छत्तीसगढ़ में सरकार इसके प्रचार प्रसार में जुटी है।

### विश्व योग दिवस पर बैलाडीला योग समिति करेगा योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**किरंदुल।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के पावन अवसर पर बैलाडीला योग समिति किरंदुल द्वारा 21 जून को बीआईओपी स्कूल सभागार में योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 5:30 बजे से होगा, जिसमें नगर के योग साधक, महिलाएं, युवा एवं नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। सुबह 7 बजे से बैलाडीला योग समिति के सदस्य बीआईओपी स्कूल के ग्राउंड में एनएमडीसी परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारियों को योग सिखाएंगे। योग समिति के सदस्यों ने बताया कि इस अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास, योग प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। समिति द्वारा नियमित रूप से नगर में योग प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की जाती हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

# अतिथि शिक्षकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं : नवनीत

## प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्य संयोजक नवनीत चांद के नेतृत्व में कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में जारी भर्ती प्रक्रिया पर आपत्ति दर्ज कराते ज्ञापन सौंपा।

कहा गया कि बस्तर संभाग के दूरस्थ एवं आदिवासी अंचलों में वर्षों से सेवा दे रहे अतिथि शिक्षकों ने विषम परिस्थितियों में शिक्षा की अलख जगाने का कार्य किया है। जब नियमित शिक्षकों की कमी थी, तब इन्हीं शिक्षकों ने विद्यालयों को संचालित किया, विद्यार्थियों का भविष्य संवारा और शिक्षा व्यवस्था को टूटने नहीं दिया। आज उन्हीं शिक्षकों के अनुभव और योगदान की उपेक्षा कर उन्हें बाहर करने का प्रयास चिंता का विषय है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उच्च न्यायालय ने विभिन्न मामलों में स्पष्ट रूप से प्रतिपादित किया गया है कि कार्यरत अतिथि शिक्षक को दूसरे अतिथि शिक्षक से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता। इसके बावजूद यदि भर्ती प्रक्रिया इस सिद्धांत की अवहेलना करते हुए संचालित की जाती है, तो यह न केवल न्यायिक भावना के विपरीत होगा बल्कि संवैधानिक मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करेगा। अतिथि शिक्षकों के अनुभव को नजरअंदाज करना तथा उन्हें किसी प्रकार का वाजिब अवसर या अनुभव आधारित वेटेज न देना प्राकृतिक न्याय और प्रशासनिक निष्पक्षता की भावना के विपरीत है।

नवनीत ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों की शिक्षा व्यवस्था को वर्षों तक संभालने वाले शिक्षकों के साथ अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में बच्चों का भविष्य गढ़ा, उन्हें बाहर करने की कोशिश हो रही है।

यह केवल शिक्षकों का मुद्दा नहीं, बल्कि आदिवासी अंचलों की शिक्षा व्यवस्था और हजारों विद्यार्थियों के भविष्य का प्रश्न है।

## जनसंपर्क विभाग के प्रदर्शनी का विधायक ने किया शुभारंभ

# प्रधानमंत्री ने विश्व स्तर पर भारत की पहचान मजबूत की : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा शहर के सिरहासार चौक में तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार की शाम प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक किरण सिंह देव ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने फोटो प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री के कार्यकाल में केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित प्रगति एवं उपलब्धि पर केंद्रित छायाचित्र का अवलोकन किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री के नेतृत्व और कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने देश सेवा करते हुए राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं और विश्व स्तर पर भारत की पहचान मजबूत हुई है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं समाज के सभी वर्गों के लिए समान रूप से संचालित हो रही हैं। प्रधानमंत्री आवास, मुफ्त राशन, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, सौर ऊर्जा सहित अनेक योजनाओं से आमजन को लाभ मिल रहा है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते बताया कि मैंने हर घर सूर्य योजना का लाभ लिया है। सोलर पैनल लगाने के बाद बिजली खर्च में काफी कमी आई है। आम नागरिकों से भी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। विधायक ने कहा कि देश में बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में तेजी से कार्य हो रहा है। सड़कों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और मेट्रो सुविधाओं का विस्तार इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित देश नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और आर्थिक क्षेत्र में भी भारत तेजी से प्रगति कर रहा है। विधायक ने प्रदर्शनी की सराहना करते कहा कि यह प्रदर्शनी आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देने का बेहतर माध्यम है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वेद प्रकाश पांडेय, रजनीश पाणिग्रही, आनंद झा, योगेंद्र पांडे, प्रकाश झा, अविनाश, रिंकू शर्मा, जनसंपर्क विभाग के उप संचालक कमल कुमार बघेल, चंद्र शेखर कश्यप, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक उपस्थित रहे।